सं.16015/1/2022-पीएमआई
भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग
*****

शास्त्री भवन, नई दिल्ली
दिनांक: 26th अप्रैल, 2024

# कार्यालय ज्ञापन

**विषय: मंत्रिमंडल के लिए माह मार्च, 2024 के मासिक सार के संबंध में।**

अधोहस्ताक्षरी को उर्वरक विभाग का माह मार्च, 2024 का मासिक सार एतदद्वारा सूचनार्थ परिचालित करने का निदेश हुआ है।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

Anisha 26/04/24

(अनिशा गोहर)
सहायक निदेशक (पीएमआई-II)
दूरभाषा: 23382552

सेवा में

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य

प्रतिलिपि:

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव
2. निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110004
3. सचिव (उर्वरक) के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव
4. अनुभाग अधिकारी (आईटी) को इसे उर्वरक विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

विषय: उर्वरक विभाग का माह मार्च, 2024 का मासिक सार।

**1. माह के दौरान समग्र उत्पादन निष्पादन:**

(आंकड़े 'लाख मी.टन' में)

| उत्पाद का नाम | माह के दौरान उत्पादन | इस माह तक संचयी उत्पादन |
|---|---|---|
| यूरिया | 24.93 | 314.07 |
| डीएपी | 2.19 | 42.93 |
| अमोनियम सल्फेट (ए/एस) | 0.57 | 6.37 |
| मिश्रित उर्वरक | 6.88 | 95.48 |
| सिंगल सुपर फॉस्फेट | 3.11 | 44.44 |

स्रोत: dbtfert.nic.in 04.04.2024 की स्थिति के अनुसार

**2. माह के दौरान उर्वरकों की आकलित आवश्यकता, उपलब्धता और बिक्री:**

(आंकड़े 'लाख मी.टन' में)

| उत्पाद का नाम | आकलित आवश्यकता | उपलब्धता | बिक्री |
|---|---|---|---|
| यूरिया | 15.49 | 95.52 | 15.68 |
| डीएपी | 3.38 | 21.12 | 3.37 |
| एमओपी | 1.66 | 7.56 | 1.21 |
| एनपीके | 6.87 | 44.90 | 4.80 |

आंकड़ों का स्रोत डैशबोर्ड है।

**3. माह के दौरान आयातित तैयार उर्वरकों का ब्यौरा:**

| उत्पाद का नाम | मात्रा 'लाख मी.टन' में |
|---|---|
| यूरिया | 3.75 |
| कृषि उपयोग हेतु एमओपी | 0.36 |
| डीएपी | 2.01 |
| एनपीके | 1.91 |

**4. मार्च, 2024 के दौरान तालचेर उर्वरक परियोजना की वृद्धिशील प्रगति:**

**(क) <u>तालचेर इकाई को पुनर्जीवित करना:</u>**

भारत सरकार ने ओडिशा के अंगुल जिले में स्थित मेसर्स एफसीआईएल की तालचेर इकाई को पुनर्जीवित करने के लिए अधिदेशित किया है। तदनुसार, 12.7 एलएमटीपीए क्षमता के कोयला गैसीकरण-आधारित अमोनिया यूरिया संयंत्र की स्थापना के लिए तालचेर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (टीएफएल) नामक एक संयुक्त उद्यम कंपनी निगमित की गई है, जो भारत में अपनी तरह की पहली है। इस संयंत्र की आधारशिला माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 17 फरवरी, 2019 को रखी गई थी। टीएफएल में गेल, आरसीएफ और सीआईएल प्रत्येक की साम्या 31.85% है और एफसीआईएल की साम्या 4.45% है। सीसीईए ने दिनांक 21.02.2024 को

आयोजित बैठक में टीएफएल की परियोजना में आरसीएफ और सीआईएल द्वारा अतिरिक्त साम्या निवेश को अनुमोदित किया।

(ख). **माह मार्च, 2024 के दौरान के प्रमुख कार्यकलाप और उपलब्धियां निम्नलिखित हैं:-**

i. **निर्माण संबंधी गतिविधियां:**

i. कोयला गैसीकरण इकाई (सीजी) के संबंध में, गैसीकरण भवन के उपर स्टील संरचना निर्माण के तीसरे एवं चौथे तल पर प्रत्येक पर 28 में से प्रत्येक में 16 कॉलम निर्मित किए गए।

ii. वायु पृथक्करण इकाई (एएसयू) के संदर्भ में, कोल्ड बॉक्स-ए एवं कोल्ड बॉक्स-बी में लोवर डिस्टलेशन कॉलम और एक्सचेंजर्स का निर्माण पूरा किया गया है।

iii. अमोनिया-यूरिया इकाई के संबंध में, सिनगैस कम्प्रेशर, सीओ$_2$ कम्प्रेशर और अमोनिया रेफ्रिजरेंट कम्प्रेशर के डेक के लिए फाउंडेशन का कार्य पूरा किया गया। ब्राह्मणी नदी से 13 किमी की पाइपलाइन में से, मार्च 2024 तक कुल 4.8 किमी का कार्य पूरा कर लिया गया है। प्रिलिंग टावर निर्माण के अपेक्षित 121 मीटर ऊंचाई में से 68.5 मीटर का कार्य पूरा कर लिया गया है।

ii **मानव संसाधन संबंधी गतिविधियां :**

क. 32 चयनित अभ्यर्थियों में से 24 नए भर्ती अभ्यर्थियों ने टीएफएल को ज्वाइन कर लिया है। अन्य सभी चयनित अभ्यर्थियों के 15.05.2024 तक ज्वाइन करने की संभावना है।

iii **महत्वपूर्ण निविदा पैकेजों संबंधी प्रगति:**

क. रेलवे साइडिंग परियोजना के संबंध में, सेल से 60 किग्रा/मीटर रेल की 2036 मीट्रिक टन खरीद के लिए क्रय आदेश मेसर्स राइट्स द्वारा 28.09.2024 को दिया गया है और प्रथम चरण के लिए सभी सामग्रियां प्राप्त हो गयी हैं।

ख. साथ ही, "चरण-I के लिए ओवरहेड उपकरण" नामक पैकेज के लिए तकनीकी बोलियां 31.01.2024 को खोली गयीं और 31.03.2024 को अनुमोदन पत्र (एलओए) जारी कर दिया गया। इसके अलावा, ग्रिड पावर टेंडर पैकेज-2 (ट्रांसमिशन लाइन) का अनुबंध 25.03.2024 को प्रदान किया गया।

iv. **टीएफएल परियोजना की समग्र प्रगति इस प्रकार है: -**

| | | |
|---|---|---|
| क) फरवरी, 2024 तक परियोजना की समग्र प्रगति | : | 56.89% |
| ख) मार्च, 2024 के दौरान वृद्धिशील प्रगति | : | 1.21% |
| ग) मार्च, 2024 तक समग्र प्रगति | : | 58.10% |

**V. 27 और 28 मार्च 2024 को टीएफएल साइट का दौरा:**

टीएफएल साइट पर सचिव (उर्वरक) द्वारा आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान, टीएफएल को संभावित मॉनसून बाढ़ से परियोजना कार्य को संरक्षित करते हुए तथा बहु कार्य प्रवाह के अनुरूप मासिक प्रगति की संवर्धित दर को प्राप्त करने; मई 2024 के अंत तक 2000 टन क्रेन टास्क आरंभ करने के लिए मैसर्स वुहान इंजीनियरिंग कं. लिमिटेड के साथ अनुवर्ती कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त, टीएफएल को समयबद्ध लक्ष्यों की व्यावहारिक रूप से प्राप्ति के हित में विस्तृत कार्य-पूर्णता प्लान को अंतिम रूप देने का निदेश दिया गया। तदनुसार, टीएफएल ने समीक्षा दौरे के दौरान दिए गए निदेशों पर प्रभावी रूप से कार्रवाई पहले ही शुरू कर दी है।

**5. व्यय की स्थिति:**

वित्त वर्ष 2023-24 के बजट अनुमान 2023-24 के लिए 179128.48 करोड़ रुपए के कुल उपलब्ध बजट की तुलना में अतंरिम बजट में 192479.29 करोड़ रुपए के संशोधित अनुमान को अनुमोदित किया गया है, जिसमें से मार्च 2024 के दौरान उर्वरक सब्सिडी के प्रशासन पर 14759.65 करोड़ रुपये (यूरिया: 9611.19 करोड़ रुपये, पीएण्डके: 5145.49 करोड़ रुपए, स्थापना: 1.48 करोड़ रुपये तथा पूँजीगत व्यय: 0.28 करोड़ रु., डीबीटी: 0.96 करोड़ रु., गोबरधन के लिए एमडीए: 0.25 करोड़ रु.) का व्यय हुआ। अप्रैल 2023 से मार्च 2024 के दौरान 195466.65 करोड़ रुपये (यूरिया: 130220.93 करोड़ रुपये और पीएंडके: 65199.58 करोड़ रुपये, स्थापना: 39.64 करोड़ रुपए, डीबीटी 4.63 करोड़ रु. तथा पूँजीगत व्यय: 1.62 करोड़ रु. और गोबरधन के लिए एमडीए 0.25 करोड़ रु.) अर्थात कुल आवंटन के लगभग **99.99%** का क्रमिक व्यय हुआ।

*****